सच के साथ आगे 24×7

# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, गुरुवार, 30 जुलाई 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

## गुरूपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से ललिता पीठ पर मनाया गया।



संवाददाता खुशांत गुप्ता मथुरा। बरसाना ऊँचागाँव स्थित ललिता पीठ पर परम पूज्य ब्रजाचार्य श्री कृष्णानंद भट्ट जी के सानिध्य में मनाया गया जिसमें प्रथम नारायण भट्ट जू के चित्रपट पर माल्यार्पण किया परम पूज्य कृष्णानंद भट्ट जी महाराज ने बताया धर्म अर्थ काम मोक्ष चारों का श्रेय दाता विधता और प्रेरक होता है गुरुतत्व प्रदान करने वाला होता है ज्ञान का प्रकाश कराता है गौरव जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया गुरु के अंदर ज्ञान का अथाह भंडार होता है जीवन को सार्थक करता है अंधकार से प्रकाश की और ले जाता है सुबह से भक्तों का गुरुपूजन का कार्यक्रम चलता रहा जिसमें राजस्थान हरियाणा अन्य प्रदेशों से भक्तों ने दीक्षा ली और प्रसाद ग्रहण किया उपस्थित जनों में लक्ष्मण जी सतीश पाठक अरुण कुमार अंकित गुप्ता गोविंदा पांचाल मोनू वर्मा आदि लोगों ने भाव के साथ गुरुदेव का पूजन किया

### एक नज़र में

मथुरा से उठी आवाज़ — “आरक्षण हटाओ, जाति नहीं” अभियान को लेकर युवाओं की मुहिम तेज।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## मथुरा से उठी आवाज़ — “आरक्षण हटाओ, जाति नहीं” अभियान को लेकर युवाओं की मुहिम तेज।



संवाददाता खुशांत गुप्ता मथुरा। शिक्षा, रोजगार और समान अवसर के मुद्दे पर मथुरा में "आरक्षण हटाओ, जाति नहीं" जन-जागरण अभियान को लेकर युवाओं की सक्रियता बढ़ती दिखाई दे रही है। कुंवर विष्णु सिंह राजपूत (जिला संगठन मंत्री, क्षत्रिय करणी सेना मथुरा एवं समाजसेवी) ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य किसी जाति, वर्ग या समुदाय का विरोध करना नहीं है, बल्कि समान अवसर, योग्यता आधारित व्यवस्था और राष्ट्रहित में सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना है।उन्होंने कहा कि भारत की प्रत्येक जाति और समाज सम्मान का पात्र है। हमारे पूर्वजों ने अपनी संस्कृति, परंपराओं, सामाजिक पहचान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अनेक संघर्ष किए तथा अपने प्राणों तक का बलिदान दिया।